16. The Principal,
Himachal Saraswati Sanskrit Mahavidyalaya, Jangla, (Himachal Pradesh).

**श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के विचारों का प्रचार**

1386. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :**
**श्री मोहम्मद अमीन :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर उनके साम्प्रदायिकता-विरोधी तथा राष्ट्रीय एकता संबंधी विचारों को प्रचारित करने के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) :** श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की जन्म शताब्दी के एक भाग के रूप में साम्प्रदायिकता-विरोधी तथा राष्ट्रीय एकता पर आयोजित किए जा रहे विशेष कार्यक्रम इस प्रकार हैं :—

(1) उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय समिति राज्य के विभिन्न शहरों में राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव पर सेमिनार, बैठकें, रैलियां, आयोजित कर रही है ।

(2) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय 26 अक्तूबर, 1990 को दूरदर्शन पर एक परिचर्चा का आयोजन कर रहा है ।

(3) भारत सरकार के प्रकाशन प्रभाग में "आधुनिक भारत के निर्माता" नामक श्रृंखला के अंतर्गत विद्यार्थी जी की जीवनी प्रकाशित की है ।

(4) साहित्य अकादमी श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पर एक विनिबन्ध का प्रकाशन कर रही है तथा साहित्यिक मंच की एक बैठक आयोजित की जा रही है ।

(5) विद्यार्थी जी के कृत्यों और आदर्शों की स्मृति में डाक-विभाग ने एक डाक टिकट जारी किया है ।

(6) फिल्म प्रभाग द्वारा शताब्दी समारोह के अवसर पर एक फिल्म भी प्रदर्शित की जायेगी ।

**उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति**

1387. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :**
**श्री मोहम्मद अमीन :**

क्या **प्रधान मंत्री** 8 मई, 1990 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 401 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि उर्दू को बढ़ावा देने के लिये गुजराल समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति की जांच करने हेतु सरकार द्वारा गठित की गयी विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) :** भारत सरकार के संकल्प दिनांक 15 फरवरी, 1990 के माध्यम से गठित विशेषज्ञों की समिति की संरचना विवरण में दी गयी है ।

**विवरण**

भारत सरकार के दिनांक 15 फरवरी, 1990 के संकल्प संख्या एफ. 13–2/90–डी–iii (एल) के माध्यम से गठित विशेषज्ञ समिति की संरचना ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अली सरदार जाफरी<br>बम्बई | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राज बहादुर गौड़<br>उपाध्यक्ष, अंजुमन तरक्की–ए उर्दू, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश | सदस्य |